भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. 3437
सोमवार, 16 दिसम्बर, 2024/25 अग्रहायण, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

महाराष्ट्र में केंद्र प्रायोजित योजनाएं

3437. डॉ. बच्छाव शोभा दिनेशः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गत दस वर्षों के दौरान महाराष्ट्र राज्य में सरकार द्वारा क्रियान्वित की जा रही केन्द्र प्रायोजित योजना और केन्द्रीय क्षेत्र की योजनाओं का वर्ष/योजना/जिलावार ब्यौरा क्या है; और

(ख) उक्त अवधि के दौरान उपर्युक्त प्रत्येक योजना के लिए आवंटित, स्वीकृत, जारी और उपयोग की गई धनराशि का वर्ष/योजना/जिलावार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) और (ख): पर्यटन के विकास एवं संवर्धन की जिम्मेदारी मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन की है। तथापि, पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन', 'तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' संबंधी राष्ट्रीय मिशन और 'पर्यटन अवसंरचना विकास हेतु केन्द्रीय एजेंसियों की सहायता' की योजनाओं के तहत देश में विभिन्न पर्यटन गंतव्यों पर पर्यटन संबंधी अवसंरचना और सुविधाओं के विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों/केन्द्रीय एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

मंत्रालय ने गंतव्य केंद्रित दृष्टिकोण अपनाते हुए स्थाई एवं जिम्मेदारीयुक्त गंतव्य विकास के उद्देश्य से स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी2.0) के तौर पर नया रूप दिया है।

व्यय विभाग, वित्त मंत्रालय की पूंजी निवेश हेतु राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों को विशेष सहायता **(**एसएएससीआई**)** नामक योजना के तहत, पर्यटन मंत्रालय द्वारा वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित पर्यटक केन्द्रों के विकास हेतु प्रचालनात्मक दिशा-निर्देश जारी किए गए। दिशानिर्देशों के अनुरूप, भारत सरकार ने देश भर के 23 राज्यों में कम ज्ञात पर्यटन स्थलों के विकास के लिए 3295.76 करोड़ रु. की 40 परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान की है।

महाराष्ट्र राज्य में उपर्युक्त योजनाओं के तहत स्वीकृत निधियों का ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

****

अनुबंध

डॉ. बच्छाव शोभा दिनेश द्वारा महाराष्ट्र में केंद्र प्रायोजित योजनाएं के संबंध में दिनांक 16.12.2024 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. 3437 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में **विवरण**

स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण

(करोड़ रु. में)

क्र. सं.	**परिपथ/ स्वीकृति वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**	**जारी की गई राशि***	**उपयोग की गई राशि**
1.	तटीय परिपथ 2015-16	सिंधुदुर्ग - सागरेश्वर, तारकरली, विजयदुर्ग (समुद्र तट और क्रीक), मितभव तटीय परिपथ का विकास	19.06	18.10	17.61
2.	आध्यात्मिक परिपथ 2018-19	वाकी- अडासा- धापेवाड़ा- पारदसिंघा- तेलनखंडी- गिराड का विकास	45.47	43.19	32.04

* केन्द्रीय क्षेत्र की योजना के लिए टीएसए मॉडल I के माध्यम से सीएनए को प्राधिकार की राशि शामिल है।

स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण

क्र. सं.	**गंतव्य**	**एक्सपीरियंस का नाम**	**अनुमोदित लागत (करोड़ रू. में)**	**स्वीकृति की तिथि**
1	पुणे	शिवसृष्टि ऐतिहासिक थीम पार्क- चरण 3	76.22	21-09-2024

प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **(करोड़ रु. में)**

क्र. सं.	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृति वर्ष**	**अनुमोदित लागत**	**जारी की गई राशि**	**भौतिक प्रगति%**	**वित्तीय प्रगति %**	**जिला**
1	त्र्यंबकेश्वर का विकास	2017-18	42.18	29.93	93	57	नासिक

पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केन्द्रीय एजेंसियों की सहायता योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा

(लाख रु. में)

क्र. सं.	**वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**एजेंसी**	**स्वीकृत राशि**	**जारी की गई राशि**
1.	2016-17	पर्यटन स्थल के रूप में कानोजी आंग्रे लाइटहाउस के विकास के लिए मुंबई	मुंबई पोर्ट ट्रस्ट	1500.00	1500.00

		पोर्ट ट्रस्ट को केंद्रीय वित्तीय सहायता			
2.	2016-17	नांदेड़ रेलवे स्टेशन का संयुक्त विकास	रेल मंत्रालय	518.00	259.00
3.	2017-18	इंदिरा डॉक, मुंबई में अंतर्राष्ट्रीय क्रूज टर्मिनल का उन्नयन/आधुनिकीकरण	मुंबई पोर्ट ट्रस्ट	1250.00	1250.00
4.	2017-18	औरंगाबाद रेलवे स्टेशन का संयुक्त विकास	रेल मंत्रालय	571.00	285.00
5.	2021-22	इंदिरा डॉक, मुंबई पोर्ट ट्रस्ट में अंतर्राष्ट्रीय क्रूज टर्मिनल का उन्नयन/आधुनिकीकरण	मुंबई पोर्ट ट्रस्ट	3750.00	3000.00

एसएएससीआई योजना के तहत अनुमोदित परियोजनाओं का विवरण

क्र. सं.	**परियोजना का नाम**	**अनुमोदित लागत (करोड़ रू. में)**
1.	एक्स-आईएनएस गुलदार अंडरवाटर संग्रहालय, कृत्रिम रीफ और पनडुब्बी पर्यटन, सिंधुदुर्ग	46.91
2.	नासिक में "राम-कल पथ" का विकास	99.14

****